तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

4 विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर वित्त मंत्री नाराज, तय होगा मंथली टारगेट



खबर संक्षेप

300 रूपए निकाले, पति ने पत्नी से की मारपीट

सारंगढ़। घरेलू खर्च के लिए अपने खाते से महज 300 रुपये निकालना एक महिला को भारी पड़ गया। पैसे निकालने की बात को लेकर पति ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। जिससे महिला को गंभीर चोंटे आई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए मामले की विववेचना प्रारंभ कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गोडम निवासी फुलेश्वरी साहू ने शिकायत दर्ज कराई है कि वर्ष 2015 में उसका विवाह सामाजिक रीति-रिवाज से टोपेन्द्र साहू के साथ हुआ था। दोनों के तीन बच्चे हैं। उसका पति आए दिन घरेलू बातों को लेकर विवाद करता है। बीती शाम करीब 4 से 5 बजे फुलेश्वरी ने घरेलू खर्च के लिए गांव के च्वाइस सेंटर से अपने बैंक खाते से 300 रुपये निकाले थे। घर पहुंचने के बाद पति टोपेन्द्र ने बिना बताए खाते से पैसे निकालने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर उसने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसे और डंडे से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में महिला के शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। इसके बाद उसने थाना सारंगढ़ पहुंचकर लिखित शिकायत दी।

मुद्रा सहित अन्य योजना में 40 करोड़ पहुंचा डूबत कर्ज का ग्राफ

एसएचजी समूह को 255 करोड़ का ऋण, एनपीए सिर्फ 1.5 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं ने बैंक ऋण की वापसी के मामले में भरोसेमंद मिसाल पेश की है। बिना बड़ी गारंटी और कीमती संपत्ति गिरवी रखे बैंक से कर्ज लेने वाली ये महिलाएं नियमित किस्तों के जरिए ऋण चुका रही हैं। यही वजह है कि महिला स्व-सहायता समूहों का एनपीए यानी डूबत कर्ज महज 1.50 प्रतिशत है। दूसरी ओर, कुछ सरकारी ऋण योजनाओं में बकाया राशि की वसूली बैंकों और विभागों के लिए चुनौती बनी हुई है।

महिलाओं ने बैंक से मिली राशि का उपयोग केवल घरेलू जरूरतों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे आमदनी बढ़ाने का माध्यम बनाया। समूह की महिलाएं डेयरी, बकरी पालन, सिलाई-कढ़ाई, किराना दुकान, मशरूम उत्पादन, पापड़-अचार निर्माण और सब्जी उत्पादन जैसे छोटे कारोबार के जरिए वे आर्थिक गतिविधियों से जुड़ीं। इन व्यवसायों से होने वाली नियमित आय ने उन्हें बैंक की किस्तें समय पर चुकाने में मदद की। इससे समूहों की ऋण भुगतान क्षमता मजबूत हुई और बैंकों का भरोसा भी बढ़ा। बता दें कि जिले में कुल 14 हजार 823 स्व-सहायता समूह संचालित हैं। इनके साथ 812 ग्राम संगठन और 28 संकुल संगठन जुड़े हुए हैं। इन समूहों के माध्यम से हजारों ग्रामीण महिलाएं सामूहिक रूप से बचत, ऋण और स्वरोजगार की गतिविधियां चला रही हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, करीब 56 हजार महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं। यह आंकड़ा ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक गतिविधियों में बढ़ती भागीदारी को दर्शाता है। बैंक क्रेडिट लिंकेज के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के 6 हजार स्व-सहायता समूहों को कुल 172 करोड़ रुपए का ऋण दिया गया। वहीं, वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 2 हजार 700 समूहों को 83 करोड़ रुपए का कर्ज उपलब्ध कराया जा चुका है। इस तरह दोनों अवधियों में कुल 8 हजार 700 समूहों को 255 करोड़ रुपए का ऋण मिला है। इन समूहों का एनपीए केवल 1.50 प्रतिशत आंका गया है।

दूसरी योजनाओं में वसूली बड़ी चुनौती

बैंक अधिकारियों के अनुसार, महिला स्व-सहायता समूहों की तुलना में मुद्रा और अन्य ऋण योजनाओं में बकाया वसूली की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। लीड बैंक के एलडीएम योगेश कश्यप के अनुसार जिल में मुद्रा सहित अन्य योजनाओं से लिए गए लोन का एनपीए करीब 40 करोड़ का है। वही जिला अंत्यावसायी विभाग में 2 से 4 करोड़ रुपए से अधिक की राशि बकाया बताई जा रही है। इस वजह से कोई नई योजना नहीं आ रही है और न ही कोई नया ऋण दिया जा रहा है। कम एनपीए और नियमित भुगतान के कारण ही महिला समूहों को दोबारा ऋण मिलने में भी आसानी होती है। ऐसे में स्व-सहायता समूहों का मॉडल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्वरोजगार के साथ बैंकिंग व्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

सारंगढ़ में आज से सजेगा शालेय खेल प्रतिभाओं का संगम

सारंगढ़। सारंगढ़ का खेलभांठा मैदान 4 अक्टूबर से प्रदेश की उभरती शालेय खेल प्रतिभाओं का साक्षी बनने जा रहा है। जिले को 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026 की मेजबानी का अवसर मिला है। चार दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग़ए बस्तर और सरगुजा संभाग के कुल 330 खिलाड़ी सॉफ्टबॉल, फुटबॉल और क्रिकेट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश के अलग.अलग हिस्सों से सारंगढ़ पहुंचने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और दलों के स्वागत एवं मेजबानी के लिए जिला प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 4 अक्टूबर को सुबह 11 बजे खेलभांठा मैदान सारंगढ़ में आयोजित होगा। स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री गजेन्द्र यादव समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास तथा उच्च शिक्षा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। वित्त, वाणिज्यिक कर आवास एवं पर्यावरण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री ओपी चौधरी विशिष्ट अतिथि होंगे।

MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में बिलासपुर का पूर्ण न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी सेंटर

मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों से जुड़ी बीमारियों की सम्पूर्ण देखभाल

ब्रेन संबंधी रोग
• सिरदर्द एवं माइग्रेन • लकवा (स्ट्रोक) एवं ब्रेन हैमरेज • ब्रेन ट्यूमर • मिर्गी (एपिलेप्सी)
• पार्किंसन रोग • अल्जाइमर एवं याददाश्त की कमी • सिर की चोट या ट्रॉमा के लिए सर्जरी

नसों एवं मांसपेशियों से जुड़ी समस्याएँ
• नसों की कमजोरी • झनझनाहट एवं सुन्नपन • नस दबने की समस्या
• हाथ-पैरों में कंपन (Tremors) • चेहरे की नस का दर्द (ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया)

स्पाइन एवं कमर संबंधी समस्याएँ:
• कमर एवं गर्दन का दर्द • सायटिका (Sciatica) • स्पॉन्डिलाइटिस • स्पाईन सर्जरी
• डिस्क स्लिप • स्पाइनल कॉर्ड की बीमारियाँ • ब्रेन एवं स्पाइन की चोटों का उपचार

आधुनिक सुविधाएँ:
• अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट एवं न्यूरोसर्जन • सटीक जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श
• पूरी तरह सुसज्जित आईसीयू एवं ऑपरेशन थियेटर • मस्तिष्क, रीढ़ एवं नसों के रोगों की सम्पूर्ण देखभाल • EEG • EMG • NCV जाँच की सुविधा

ESI इंश्योरेंस द्वारा इलाज सम्भव

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No:
07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS

बच्चों को स्कूल से लेने जा रही महिला को ट्रक ने मारी टक्कर, गंभीर

बिलाईगढ़। ग्राम टुंडरी मेन रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार महिला को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टुंडरी निवासी राजकुमार साहू की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान मेन रोड पर है। 1 अक्टूबर की दोपहर करीब 12 बजे राजकुमार ने सड़क पर एक्सीडेंट होने की आवाज सुनी। दुकान से बाहर निकलकर देखा तो सड़क पर नीले रंग की होंडा एक्टिवा क्रमांक सीजी 11 बीपी 9335 गिरी हुई थी और उनकी भतीजा बहू राकेश्वरी साहू घायल अवस्था में सड़क पर पड़ी थी। मौके पर मौजूद तुलेश्वर वर्मा से पूछताछ करने पर बताया गया कि राकेश्वरी अपनी स्कूटी से बच्चों को स्कूल से लेने जा रही थी। इसी दौरान ट्रक क्रमांक जेएच 05 टीसी 5655 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए पीछे से स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे के बाद घायल राकेश्वरी को 112 वाहन से सरकारी अस्पताल बिलाईगढ़ ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे बिलासपुर स्थित सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।



खबर संक्षेप

दिनदहाड़े घर का ताला टूटा, 60 हजार नगद समेत लाखों के सोना-चांदी आभूषण चोरी

बरमकेला। ग्राम पड़कीडीपा में अज्ञात चोर ने घर का ताला तोड़कर नगदी समेत सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल और जरूरी दस्तावेज पार कर दिए। चोरी की कुल कीमत करीब 1 लाख रुपये बताई जा रही है। घटना के समय घर में रहने वाला दंपती मिर्च तोड़ने के लिए खेत गया हुआ था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है। इस संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पड़कीडीपा निवासी थबिरो खूंटे खेती-किसानी का काम करता हैं। 2 अक्टूबर की सुबह करीब 7 बजे वे अपनी पत्नी चंपा खूंटे के साथ ग्राम करनपाली स्थित अपने खेत में मिर्च तोड़ने गए थे। शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच उनका भतीजा रतन खूंटे उन्हें बुलाने खेत पहुंचा और घर का ताला टूटे होने की जानकारी दी। दंपती जब वापस घर पहुंचा तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। घर के अंदर रखे चद्दर के बक्से से 60 हजार रुपये नगद, करीब 12 ग्राम सोने का पुराना हार जिसकी कीमत लगभग 25 हजार रुपये, 30 तोला चांदी की पुरानी पायल जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपये, एक पुराना सैमसंग मोबाइल और बैंक पासबुक, चेक समेत अन्य जरूरी दस्तावेज गायब थे। जिसके बाद पीडित किसान थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(3) और 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उधारी के पैसों को लेकर भिड़े दो पक्ष, दोनों में जमकर हुई मारपीट, काउंटर केस दर्ज

बरमकेला। उधारी के पैसों को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 11 बरमकेला निवासी रूपेश कुमार पटेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके मोहल्ले के दीनानाथ श्रीवास ने जनवरी 2026 में अपने नाती की जमानत के लिए अलग-अलग किस्तों में उससे करीब 50 हजार रुपये उधार लिए थे। इसके अलावा रूपेश की दवाई दुकान से करीब 15 हजार रुपये की दवाइयां भी उधार ली थीं। 2 अक्टूबर को रूपेश की सुरेंद्र कंप्यूटर में दीनानाथ से मुलाकात हुई। उसने उधारी की रकम वापस मांगी तो दीनानाथ ने उससे गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में रूपेश के नाक के पास, सिर और दाहिनी कोहनी में चोट आई है। मौके पर मौजूद विनोद पटेल और पवन पटेल ने बीच-बचाव किया। वहीं, दीनानाथ श्रीवास ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए रूपेश नायक पर मारपीट का आरोप लगाया। दीनानाथ के मुताबिक वह कंप्यूटर दुकान गया था, जहां रूपेश ने मेडिकल दुकान की उधारी का पैसा मांगते हुए गाली-गलौज की और मारपीट की। इस दौरान उसके बाएं नाक के पास चोट लगने की बात कही गई है । दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर बरमकेला पुलिस ने धारा 296, 115(2) और 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस अब दोनों पक्षों के आरोपों और घटना के संबंध में जांच कर रही है।

जमीन बंटवारे पर युवक ने चचेरे भाई के पिता पर किया हंसिया से हमला

सरसींवा। ग्राम घरजरा के श्याम नगर में जमीन बंटवारे को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति पर लोहे के हसिया से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में व्यक्ति के सिर पर गंभीर चोट आई है। घायल को बसना के अग्रवाल नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार श्याम नगर निवासी गीता प्रसाद सिदार ने शिकायत में बताया कि 1 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे रामसिंह सिदार के घर के सामने कच्ची सड़क के पास उसके पिता कुमार सिंह सिदार और चाचा के बेटे सेतलाल सिदार के बीच जमीन बंटवारे को लेकर विवाद हो रहा था। विवाद के दौरान सेतलाल सिदार ने कुमार सिंह को गाली-गलौज करते हुए लोहे के हसिया से उनके सिर पर वार कर दिया। हमले में सिर पर गहरी चोट लगने से खून बहने लगा। परिजनों ने घायल को घटनास्थल से उठाकर घर के आंगन में पहुंचाया, जहां काफी खून जमा होने के साथ कपड़े भी खून से भीग गए थे। इसके बाद गांव के राजू पटेल की स्कॉर्पियो से घायल कुमार सिंह को इलाज के लिए अग्रवाल नर्सिंग होम, बसना में भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक घायल की हालत ऐसी है कि वह बातचीत भी नहीं कर पा रहे हैं और बेहोशी की स्थिति में हैं। घटना के संबंध में पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत, अपराध दर्ज

रायगढ़। चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक अपनी भतीजी का जाति-निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए रायगढ़ आया था। काम पूरा होने के बाद घर लौटते समय चिटकाकानी ओव्हरब्रिज के पास यह हादसा हुआ। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम मनुवापाली निवासी राकेश गुप्ता पिता इंद्रजीत गुप्ता 32 वर्ष खेती-किसानी का काम करता था। बीते दिनों वह अपनी भतीजी का जाति-निवास प्रमाण पत्र बनवाने बाइक से रायगढ़ आया था। काम पूरा करने में शाम हो गया, जिसके बाद वह वापस गांव लौट रहा था। शाम करीब 6:30 बजे चिटकाकानी ओवरब्रिज पार कर यादव होटल के पास पहुंचते ही सामने से तेज रफ्तार में आ रही खाली पिकअप ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राकेश बाइक समेत दूर जा गिरा। उसके सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

रायगढ़ की एआई उड़ान.जागरूकता से नवाचार तक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

रायगढ़ में बनेगा एआई एक्सीलेंस सेंटर, युवाओं को मिलेगा नई तकनीक का प्रशिक्षण: चौधरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई की नई तकनीक से जोड़ने और इसके व्यावहारिक उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में रायगढ़ में एआई एक्सीलेंस सेंटर विकसित किया जाएगा। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने आज संत पूज्य श्री प्रियदर्शी राम जी ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में आयोजित एक दिवसीय एआई कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। रायगढ की एआई उड़ान.जागरूकता से नवाचार तकष थीम पर आयोजित कार्यशाला का वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधिवत शुभारंभ किया।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि ट्रिपल आईटी नया रायपुर के सहयोग से रायगढ़ में एआई से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। रायगढ़ में एआई एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किया जाएगा, जहां एआई से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को धीरे.धीरे विस्तार दिया जाएगा। चयनित प्रतिभाशाली युवाओं को ट्रिपल आईटी के सहयोग से मार्गदर्शन और आगे बढ़ने के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर को युवाओं की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। आने वाले समय में वहां एआई के लिए समर्पित स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य होगा।

इससे युवाओं को नई तकनीक सीखने, प्रयोग करने और नवाचार के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे। नया रायपुर में सेमीकंडक्टर इकाई और डेटा सेंटर के क्षेत्र में बन रही संभावनाएं प्रदेश में तकनीकी विकास के नए अवसर तैयार कर रही हैं। एआई, डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर जैसी तकनीकों से युवाओं के लिए कौशलए रोजगार और नवाचार के नए अवसर सामने आएंगे।

एआई यूनिकॉर्न पर सवाल छात्र नैतिक ने दिया जवाब

कार्यशाला के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रतिभागियों से एआई में यूनिकॉर्न के बारे में सवाल किया। कक्षा 12वीं के छात्र नैतिक अग्रवाल ने जवाब देते हुए बताया कि एआई तकनीक पर काम करने वाले किसी स्टार्टअप की बाजार कीमत एक अरब डॉलर से अधिक हो जाने पर उसे एआई यूनिकॉर्न कहा जाता है। ।

सांसद विजय बघेल ने युवाओं को नई तकनीक सीखने प्रेरित किया

दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कहा कि एआई तेजी से बदलती तकनीक का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहा है। युवाओं को एआई की जानकारी हासिल करने के साथ इसके सकारात्मक और रचनात्मक उपयोग पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्यशालाएं युवाओं को नई तकनीक समझने और भविष्य की संभावनाओं के लिए तैयार करने में उपयोगी हैं आईआईआईटी नया रायपुर के एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और जिला प्रशासन रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में यह कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 1500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

नौकरी लगाने के नाम पर 11.30 लाख की ठगी, फरार आरोपी गिरफ्तार



रायगढ़। पुलिस विभाग में आरक्षक की नौकरी लगाने का झांसा देकर 11.30 लाख रुपये की ठगी के मामले में चक्रधरनगर पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी अमन यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले में दो आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

गौरतलब है कि छोटे अतरमुड़ा निवासी अलेन किड़ो ने 25 अक्टूबर 2025 को चक्रधर नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई उनके भतीजे राहुल किड़ो को पुलिस विभाग में आरक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपियों ने 11 लाख 30 हजार रुपये लिए थे। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज और नियुक्ति पत्र दिखाकर परिवार को भरोसे में लिया था। मामले की जांच के दौरान उत्तरा सिदार और संजू यादव की भूमिका सामने आई। दोनों आरोपियों को पुलिस ने 26 अक्टूबर 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया था। वहीं अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी। फरार आरोपियों की तलाश के दौरान पुलिस को अमन यादव के न्यायालय में सरेंडर करने पहुंचने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि अमन यादव ने उत्तरा सिदार और संजू यादव के कहने पर ठगी की रकम हासिल करने के लिए अपना बैंक खाता उपलब्ध कराया था। इसके बदले उसे रकम दिए जाने की बात भी जांच में सामने आई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज प्रकरण में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

मार्गदर्शन शिविर 5 एवं 6 को

रायगढ़। राज्य स्तरीय रोजगार मेला में अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा उन्हें ऑनलाइन पंजीयन, रिक्तियों के अवलोकन एवं आवेदन की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई, बोईरदादर, रायगढ़ में 05 एवं 06 अक्टूबर को प्रातः 9:30 से सायंकाल 5:30 बजे तक विशेष पंजीयन सह मार्गदर्शन शिविर आयोजित किया जाएगा। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ के प्राचार्य ने बताया कि राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 07 एवं 08 अक्टूबर को सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बूढ़ापारा, रायपुर में किया जाना है।

बुनकरी प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं सपेरा बस्ती की महिलाएं



सारंगढ़। जिले के भीखमपुरा की सपेरा बस्ती की महिलाओं को हुनर के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल रंग ला रही है। जिला प्रशासन की अभिनव पहल के तहत महिलाएं करघे पर साड़ी और गमछा बुनने का प्रशिक्षण ले रही हैं। शुरुआत में प्रशिक्षण को लेकर झिझकने वाली महिलाएं अब आत्मविश्वास के साथ बुनकरी सीख रही हैं।

राज्य शासन की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की मंशा के अनुरूप कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू के निर्देशन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत कौशली साड़ी बुनकर प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान के 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत कंडोला में 31 अगस्त से शुरू प्रशिक्षण समृद्धि वीवर्स पंचधार के सहयोग से दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए पहले 35 महिलाओं का समूह बनाया गया था। बुनकरी सीखने की इच्छा जताने पर पांच और महिलाओं को जोड़ा गया, जिससे अब कुल 40 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इनमें भीखमपुरा की सपेरा बस्ती की 12 महिलाएं शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान अब तक एक साड़ी और चार गमछे तैयार किए जा चुके हैं। इनमें तीन विधवा महिलाएं भी हैं, जो पहले मजदूरी कर जीवनयापन करती थीं। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं को कौशल और आजीविका से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ ऋषिकेश तिवारी ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को उत्पादन और बाजार से जोड़ने की दिशा में भी प्रयास होंगे। ज्योति पटेल ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत उन्हें अवसर, मार्गदर्शन और विश्वास देने की है।

घोषणा के तीन माह बाद भी एनएचएम कर्मियों के 33 दिन के वेतन का इंतजार

रायगढ़। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के 33 दिनों की हड़ताल अवधि के वेतन भुगतान का मामला अब भी लंबित है। एनएचएम कर्मचारी संघ का कहना है कि मुख्यमंत्री ने बीते 13 जून को रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन में हड़ताल अवधि के वेतन भुगतान की घोषणा की थी। संघ के मुताबिक घोषणा को करीब तीन माह बीतने के बाद भी इस संबंध में आदेश जारी नहीं हुआ है और कर्मचारियों को भुगतान नहीं मिल सका है। संघ ने प्रशासनिक स्तर पर हो रही देरी पर सवाल उठाते हुए कहा कि कर्मचारियों को यह स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है कि भुगतान संबंधी प्रक्रिया किस स्तर पर लंबित है और आदेश जारी होने में कितना समय लगेगा। संघ का कहना है कि ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत एनएचएम कर्मचारियों के लिए लंबित भुगतान चिंता का विषय बना हुआ है। एनएचएम कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष शकुंतला एक्का ने कहा कि जिले में कर्मचारियों की उपस्थिति की आधार इनेबल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम के माध्यम से सख्ती से निगरानी की जा रही है। इसके बावजूद कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। बीते जनवरी 2026 से वेतन देयक 16 से 15 तारीख की अवधि में प्रस्तुत किए जाने के बावजूद कर्मचारियों को हर माह करीब 15 से 20 दिन की देरी से वेतन मिल रहा है।

दनसरा में जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर 907 सेवाओं की सुविधा एक ही स्थान पर



सारंगढ़। सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम दनसरा में जिला स्तरीय सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू और जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली।

शिविर में राजस्व, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि, मत्स्य पालन, पंचायत, आयुष सहित विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए। सेवा सेतु के माध्यम से नागरिकों को 907 प्रकार की सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र, आधार अपडेट एवं पंजीयन सहित विभिन्न सेवाओं के आवेदन लिए गए। करीब 142 जाति एवं निवास संबंधी प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की गई। स्वास्थ्य विभाग के शिविर में 125 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। टीबी जांच के लिए डिजिटल चेस्ट एक्स-रे की सुविधा भी उपलब्ध रही। पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए तथा टीबी मरीजों को निक्षय मित्र किट वितरित की गई। स्वास्थ्य अमले ने ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव, समय पर जांच और उपचार के प्रति जागरूक किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण एवं पौष्टिक आहार पर प्रदर्शनी लगाई। तीन गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। एक बालिका का जन्मोत्सव भी केक काटकर मनाया गया। शिविर में पात्र हितग्राहियों को विवाह पंजीयन, वृद्धावस्था पेंशन, निवास एवं आय प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। राजस्व विभाग ने खसरा, बी-1 एवं आबादी पट्टा वितरित किया। मत्स्य विभाग ने मछली पकड़ने के जाल और आइस बॉक्स दिए। कृषि विभाग की किसान समृद्धि योजना के तहत दो हितग्राहियों को कुल 43 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि सेवा सेतु के माध्यम से अनेक नई सेवाओं को जोड़ा गया है। ग्रामीणों को आवश्यक शासकीय सेवाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि उन्हें कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं एवं विभागीय सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

मोबाइल टावर की बैटरियां चोरी का आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



रायगढ़। तमनार पुलिस ने मोबाइल टावर से बैटरी चोरी के मामले को 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई 6 नग एक्साइड बैटरियां बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है, जबकि उसका एक साथी फरार है। इस संबंध में चन्द्रसेन कुर्रे ने तमनार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि इंदिरानगर पेट्रोल पंप के सामने थर्मल पावर प्लांट तमनार के मोबाइल टावर के सेल्टर का ताला टूटा मिला। अंदर रखी 6 एक्साइड बैटरियां गायब थीं, जिनकी कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई। शिकायत के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने संदेही रजनीकांत सिदार निवासी बासनपाली को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने हेमंत राठिया के साथ मिलकर लोहे की रॉड से सेल्टर का ताला तोड़कर बैटरियां चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने इंदिरानगर भट्ठी के सामने अमरैया के झुरमुट में छिपाकर रखी 6 बैटरियां बरामद कीं।

कोसीर-बटाऊपाली सहित आसपास के गांवों में उत्साह से मनाई गई गांधी जयंती



कोसीर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को कोसीर, बटाऊपाली सहित आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल रहा। शासन के निर्देशानुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा की विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें महिला-पुरुष, युवा एवं पंचायत प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के साथ हुई। ग्राम सरपंच ने गांधीजी के जीवन, उनके विचारों एवं सादगीपूर्ण जीवनशैली पर प्रकाश डाला। ग्राम सभा के दौरान ग्राम सचिव ने पंचायत में अब तक किए गए विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीणों के समक्ष रखी। साथ ही आगामी समय में प्रस्तावित विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में गांव की विभिन्न समस्याओं, मूलभूत आवश्यकताओं एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव ग्राम सभा के समक्ष रखे। कोसीर के मां कौशलेश्वरी मंदिर परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर गांधी जयंती मनाई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच, पंचायत प्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे। बटाऊपाली (अ) के पंचायत भवन में भी विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। । ग्राम सभा में गांव की वरिष्ठ महिलाओं को ग्राम पंचायत की ओर से नारियल भेंट कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

अवैध शराब पर कार्रवाई 315 पाव शराब जब्त



रायगढ़। जूटमिल पुलिस ने पिछले दो दिनों के भीतर अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों से बड़ी मात्रा में देशी शराब जब्त की है। कार्रवाई में कुल 315 पाव और 11 बोतल शराब बरामद हुई। वहीं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले 5 लोगों के खिलाफ भी आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार संत विनोबा नगर में पुलिस ने स्वपनेन्द्र कुमार दत्ता के कब्जे से 187 पाव और 11 बोतल शराब तथा 1 हजार 200 बिक्री रकम जब्त की। शराब की कीमत करीब 18 हजार 600 आंकी गई है। समाधि गली कयाघाट स्थित किराना दुकान से आनंद टण्डन के कब्जे से 24 पाव शराब जब्त की गई। इसी दिन अम्बेडकर नगर डिपापारा में पुरोहित भारद्वाज से 40 पाव, झोपड़ीपारा में खेमनाथ साव से 35 पाव और फटहामुड़ा पानी टंकी के पास घनश्याम राजभर से 29 पाव शराब जब्त की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। इसके अलावा कयाघाट मुक्तिधाम के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते मिले विकास बसंत, मोहम्मद रियाजुद्दीन, साहेबराम बसंत, मोहम्मद यासिन गनी और नरेन्द्र सोनवरकर के खिलाफ धारा 36(सी) के तहत कार्रवाई की गई।

बाल विवाह रोकने एवं नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

जशपुरनगर। जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहित गांव के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। 2 अक्टूबर 2026 गांधी जयंती के अवसर पर ग्रामवासियों ने अपने गांव को स्वच्छ रखने की भी शपथ ली। कुरकुंगा के पंचायत भवन में आयोजित विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों के साथ गांव के विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही ग्रामीणों एवं किशोर-किशोरियों को बाल विवाह रोकथाम एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों ने अपनी पंचायत को बाल विवाह मुक्त एवं नशा मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प लिया। इसी क्रम में जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पैंकू तथा बगीचा विकासखंड के ग्राम बिमड़ा के पंचायत भवन में भी विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई।

अक्टूबर में चलेगा विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में रायगढ़ जिले में छूटे हुए पात्र नागरिकों एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए माह अक्टूबर 2026 में विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जिले के ऐसे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। अभियान के तहत नए पात्र युवा मतदाताओं के साथ.साथ ऐसे पात्र नागरिक भी मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेंगे, जो किसी कारणवश अब तक पंजीकरण नहीं करा पाए हैं। नागरिकों की सक्रिय सहभागिता और सहयोग से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा कि जिले का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे। निर्वाचन विभाग ने जिले के समस्त पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं और मतदाता सूची में अपना पंजीकरण विधिवत सुनिश्चित करें।





हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहरा ने ऑफिशियली अपने सरनेम से 'पिट' शब्द हटा लिया है। अब से वह 'जहरा मार्ले जोली' के नाम से जानी जाएंगी। नाम में यह बदलाव एक कैलिफोर्निया जज द्वारा अप्रूव किया गया। बताया जा रहा है कि उनके नाम में यह बदलाव बिना किसी आपत्ति के हुआ है। जहरा ने 9 जून को अपने नाम से 'पिट' हटाने की मांग की थी। इसी बीच, उनके बड़े भाई मैडॉक्स ने भी ऐसी ही याचिका दायर की थी। जहरा ने पहले ही पब्लिकली 'जहरा मार्ले जोली' नाम का इस्तेमाल किया था। मई में, अटलांटा में स्पेलमैन कॉलेज से ग्रैजुएशन सेरिमनी में उनका नाम 'पिट' के बिना घोषित किया गया था। इसी तरह, उन्होंने नवंबर 2023 में अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी में शामिल होने के दौरान भी इसी नाम से अपना परिचय दिया था।



एवेंजर्स एंडगेम एनकोर का बॉक्स ऑफिस पर चला सिक्का

नई दिल्ली। 4600 करोड़ बजट और 23 सुपरहीरो वाली एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। उससे पहले 38 सुपरहीरो वाली मूवी एवेंजर्स एंडगेम को एवेंजर्स एंडगेम एनकोर नाम से रीरिलीज किया गया है। इसका सिक्का इंडियन बॉक्स ऑफिस पर चल गया है। 4600 करोड़ और 23 सुपरहीरो की फिल्म एवेंजर्स डूम्सडे से पहले मार्वल स्टूडियोज की रिकॉर्ड तोड़ फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का स्पेशल वर्जन एवेंजर्स एंडगेम एनकोर रिलीज किया गया है। सैकनिल्क के लाइव आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन फिल्म भारत में 443 शो पर चल रही है और दिन का नेट कलेक्शन अभी तक 0.18 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इससे फिल्म का कुल इंडिया नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.53 करोड़ रुपए और इंडिया ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.28 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बता दें कि एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में 38 सुपरहीरो हैं। 25 सितंबर को रिलीज हुई इस एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में दिसंबर में आने वाली एवेंजर्स डूम्सडे की एक्सक्लूसिव झलक भी शामिल है।



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

टीवी मसाला



तेज प्रताप की गोद में बैठकर सारा ने किया डांस

नई दिल्ली। 'राइज एंड फॉल 2' इस वक्त चर्चा में है। वजह है शो में होने वाली लड़ाई और ड्रामा। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें सारा गुरपाल ने तेजू भैया की गोद में बैठकर डांस किया। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के खिलाड़ियों के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। टास्क के बाद हुई बहस में इस हफ्ते के अल्टीमेट रूलर बने तेज प्रताप यादव का गुस्सा भी देखने को मिला। जहां उन्होंने मनीष कश्यप को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। तनातनी के बीच शो का एक नया और मजेदार प्रोमो सामने आया है। जब तेज प्रताप यादव के सामने बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्मेंस दी, तो माहौल एकदम मजेदार हो गया. शो के नए मोड़ के तहत बेसमेंट में रह रहे वर्कर्स को पेंटहाउस में प्रमोट होने के लिए ऑडिशन देना था। जहां उन्हें अल्टीमेट रूलर तेज प्रताप यादव के सामने परफॉर्म करना था। अनाउंसमेंट हुई कि तेज प्रताप को जिसका परफॉर्मेंस सबसे ज्यादा पसंद आएगा, उसे ही पेंटहाउस में जाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सारा गुरपाल ने डांस करते करते कुछ ऐसा कर दिया कि स्वरा भास्कर हैरान रह गईं। ऑडिशन के दौरान पंजाबी एक्ट्रेस और सिंगर सारा गुरपाल ने बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार डांस करना शुरू कर दिया। हालांकि, डांस करते-करते सारा अचानक तेज प्रताप यादव की गोद में बैठ गईं। और उनके लिए रोमांटिक अंदाज में परफॉर्म करने लगीं। डांस के दौरान सारा ने मुस्कुराते हुए तेज प्रताप को 'क्यूटी' भी कहा।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं। वह बताती हैं कि वह बड़ी मूवी ब्लफ हूं और फिर उन्होंने बिग बी की 1997 की फिल्म मृत्युदाता से जुड़ा एक किस्सा बताया। अलमस ने कहा कि वह उस समय यंग थीं और कजिन के साथ मूवी देखने गई थीं। हालांकि, फिर अलमस बताती हैं कि वह फिल्म देखकर सो गई थीं। अलमस ने बिग बी से कहा, 'फिल्म तो मेरे समझ आई नहीं इतना। लेकिन, जगह इतनी खूबसूरत थी और ए सी लगा था कि मैं सो गई।



एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

अनिल को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में मिला नॉमिनेशन

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन



एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'

लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'



उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'

दुनियाभर में 6 भाषाओं में दिखाई जाएगी फिल्म

ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल' की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी। इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग



में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल'से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।

खबर संक्षेप

प्रवेश के लिए 6 को होगी काउंसलिंग

रायगढ़। मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यार्थी उड़ान योजना पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत वर्ष 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थियों एवं उनके पालकों की काउंसलिंग 6 अक्टूबर 2026 को आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग का आयोजन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, जिला रायगढ़ कार्यालय में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। चयनित विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग के दौरान कक्षा 4वीं एवं कक्षा 5वीं की अंकसूची, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। निर्धारित तिथि और समय पर विद्यार्थी या पालक के उपस्थित नहीं होने पर इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित की होगी।

चंद्रपुर नपं में लगा स्वास्थ्य शिविर

चंद्रपुर। सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत नगर पंचायत चंद्रपुर में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। सीएमओ मोहन विश्वकर्मा की निगरानी में आयोजित शिविर में 75 हितग्राहियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श और दवाइयों का लाभ लिया। वहीं 34 मरीजों की सीबीसी, शुगर, थायराइड सहित अन्य लैब जांच की गई। जांच के बाद चिकित्सकों ने आवश्यक परामर्श देकर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराईं। एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर काजल साहू ने बताया कि चंद्रपुर क्षेत्र में अब तक 526 स्वास्थ्य शिविर लगाए जा चुके हैं, जिनमें 33 हजार 902 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिली हैं।

स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

रायगढ़। महात्मा गांधी जयंती एवं स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत नौरंगपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विशेष जागरूकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत में स्वच्छता कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहीं स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वच्छता अभियानों में उनके योगदान को देखते हुए उनके स्वास्थ्य एवं कल्याण को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक जांच की गई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का भ्रमण किया। यहां उन्हें प्लास्टिक कचरे के पृथक्करण, प्रबंधन और रीसाइक्लिंग की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों ने फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने अपशिष्ट और मल उपचार की वैज्ञानिक एवं आधुनिक प्रक्रिया को नजदीक से समझा। इस अवसर पर ग्रापं नौरंगपुर की सरपंच श्रीमती मीना पद्मलोचन पटेल सहित ग्रामीणजन, विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षकगण तथा स्वच्छता दीदियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा गांव को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।

निधन...

मलेच राम खूंटे

बिलाईगढ़। बिलाईगढ़ के ग्राम सुतीउरकुली निवासी वरिष्ठ शिक्षक एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवापारा के प्रधान पाठक मलेच राम खूंटे का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से शिक्षा जगत एवं क्षेत्र में शोक की लहर है। स्व. खूंटे समर्पित, सरल, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक के रूप में पहचाने जाते थे। अपने लंबे सेवाकाल में उन्होंने सैकड़ों विद्यार्थियों को शिक्षा देकर उनका भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों ने गहरा शोक व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।



पुसौर में नेत्र जांच शिविर साढ़े तीन हजार की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सेवा को जनभागीदारी से जोड़ते हुए सेवा मेरा योगदान के तहत पुसौर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क विशाल नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग नेत्र जांच के लिए पहुंचे। शिविर में 3 हजार 493 लोगों की नेत्र जांच की गई तथा जांच के बाद 3 हजार 165 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। वहीं करीब 800 लोगों को निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में लोगों की सुविधा के लिए 14 पंजीयन काउंटर बनाए गए थे। पुरुष एवं महिलाओं के लिए पृथक पंजीयन की व्यवस्था रही। 10 से अधिक नेत्र विशेषज्ञों के साथ 38 नेत्र सहायकों ने जांच कार्य में सहयोग किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम सुबह 9 बजे से लगातार सेवाओं में जुटी रही। एनएसएस एवं स्काउट गाइड के विद्यार्थियों ने वालंटियर के रूप में लोगों को पंजीयनए जांच और चश्मा वितरण तक पहुंचाने में सहयोग किया। शिविर में आने वाले लोगों के लिए छाया, पेयजल, भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने शिविर का अवलोकन किया और नेत्र जांच, चश्मा वितरण सहित उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आंखों की समय पर जांच बेहद जरूरी है। विशेषकर बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्या कई बार समय पर सामने नहीं आती, जिसका असर उनकी पढ़ाई पर पड़ सकता है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें भी 12वीं कक्षा तक अपनी आंखों की कमजोरी का पता नहीं चला था। बाद में जांच कराने पर चश्मे की जरूरत सामने आई। उन्होंने कहा कि बीमारी के लक्षण सामने आने का इंतजार करने के बजाय समय समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की आदत विकसित करनी चाहिए।

गोवर्धनपुर पुल, मरीन ड्राइव व ऑक्सीजोन समेत कई परियोजनाओं का किया निरीक्षण

विकास कार्यों की धीमी रफ्तार पर वित्त मंत्री नाराज, तय होगा मंथली टारगेट



ऑक्सीजोन सहित अन्य परियोजनाओं की समीक्षा

राजीव नगर ऑक्सीजोन सहित अन्य निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए मंत्री ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ काम में तेजी लाने और नियमित निगरानी करने कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं करने तथा बेहतर निर्माण सामग्री के उपयोग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने शनिवार को शहर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने राजीव नगर दूध डेयरी ऑक्सीजोन, गोवर्धनपुर पुल, बेलादुला मरीन ड्राइव, रपटा-स्टाफ डैम तथा एसईसीएल मरीन ड्राइव और पुलिया का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी गति को लेकर उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को जरूरी निर्देश दिए।

गोवर्धनपुर पुल के निर्माण की धीमी रफ्तार पर ओपी चौधरी ने नाराजगी जताते हुए सेतु विभाग के इंजीनियरों को हर महीने का लक्ष्य तय कर उसकी समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने पुल निर्माण के साथ सड़क निर्माण और विद्युत पोल शिफ्टिंग का काम भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि बारिश के बाद निर्माण के लिए अनुकूल मौसम का अधिकतम उपयोग करते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए। बेलादुला मरीन ड्राइव में रपटा और स्टाफ डैम निर्माण को स्थानीय जरूरतों के अनुरूप करने के निर्देश दिए गए। वहीं एसईसीएल मरीन ड्राइव और पुलिया के निरीक्षण के दौरान ड्राइंग-डिजाइन के अनुरूप निर्माण कार्य पूरा करने पर जोर दिया गया। नदी के बीच वॉकवे की संभावनाओं को देखते हुए इसका प्लान तैयार करने तथा मरीन ड्राइव को मुख्य सड़क और हाईवे से जोड़ने के लिए एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। इस निरीक्षण के दौरान महापौर जीवर्धन चौहान, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय सहित नगर निगम, हाउसिंग बोर्ड, पीडब्ल्यूडी, सेतु विभाग और एसईसीएल के अधिकारी, कार्यपालन अभियंता, इंजीनियर, स्थानीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पंचपारा में ब्लाक स्तरीय चित्रकला और भाषण स्पर्धा



रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल पंचपारा में विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता सह प्रदर्शनी तथा शिक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार चित्रों का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता की सराहना की और निरंतर मेहनत करते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने रायगढ़ में नर्सिंग कॉलेज, संगीत महाविद्यालय और नालंदा परिसर जैसी सुविधाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से इनका लाभ लेने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में विभिन्न संकुलों से चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया।

बाड़ोली के ग्रामीणों ने जताया आभार

पुसौर। महानदी तटीय गांव बाड़ोली के ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न मांगों को स्वीकृति मिलने पर प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के प्रति आभार जताया है। ग्रामीणों के अनुसार कुछ माह पहले मंत्री चौधरी ने महानदी तटीय क्षेत्रों का जनसंपर्क किया था। इस दौरान बाड़ोली सहित आसपास के ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित मांगें उनके समक्ष रखी थीं। ग्रामीणों की प्रमुख मांग नदी किनारे बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत भवन निर्माण की थी। इसके लिए 50 लाख रुपये की लागत से भवन की स्वीकृति दी गई थी। ग्रामीणों के मुताबिक भवन का निर्माण अब अंतिम चरण में है। बाढ़ के दौरान इस भवन का उपयोग प्रभावित लोगों को सुरक्षित ठहराने के लिए किया जा सकेगा।

जनसमस्याओं का समाधान करने घरघोड़ा में जुटा प्रशासन

घरघोड़ा। आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनके त्वरित निराकरण की दिशा में शासन के सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत घरघोड़ा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एक ही स्थान पर मौजूद रहे, जिससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने के बजाय सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिला।

शिविर में राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगरवासियों ने व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक समस्याओं से संबंधित आवेदन



प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने आवेदनों की जानकारी लेते हुए समस्याओं को समझा और नियमानुसार निराकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी, एल्डरमेन उरांव सहित पार्षदगण भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने शिविर में पहुंचे नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं तथा संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जनहित से जुड़े मामलों में आवश्यक कार्रवाई पर जोर दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन की सेवाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि जनता अपनी समस्या लेकर आती है तो उसकी बात सुनना और समाधान तक पहुंचाने का प्रयास करना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है।

बाइक ने सामने से मारी टक्कर, घायल

सारंगढ़। अपना काम खत्म कर घर लौट रहे एक युवक को सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने टक्कर मार दिया। इस दुर्घटना में युवक दाहिना का हाथ टूट गया।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार के खिलाफ धारा 281, 125(ए) के तहत अपराध पंजीबद्धत्र करते हुए मामले को विवेचना में लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिंघनपुर (ब) निवासी महादेव लहरे पेशे से राजमिस्त्री है। बीते दिनों वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एजे 5060 से किसी काम के सिलसिले में ग्राम मेढ़ापाली गया हुआ था। काम खत्म करने के बाद शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच वापस लौटते समय ग्राम तिलाईमुड़ा मेन रोड पर सामने से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एवाई 1805 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए गलत साइड में आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में महादेव का दायां हाथ टूट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं।

जीएम निरीक्षण पर पहुँचे खरसिया नगरवासियों ने गिनाई समस्या

खरसिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश एक दिवसीय निरीक्षण पर खरसिया रेलवे स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंट-मुलाकात की। वहीं रेलवे सलाहकार समिति खरसिया के सदस्यों, नगरवासियों, पत्रकारों, भाजपा नेताओं एवं चैंबर के प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात कर रेलवे स्टेशन की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और उनके शीघ्र निराकरण की मांग की।



खरसिया रेलवे स्टेशन में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि एक मालगाड़ी के गुजरने के बाद रेलवे फाटक का गेट तत्काल नहीं खोला जाता, बल्कि दूसरी मालगाड़ी के आने का इंतजार किया जाता है। जबकि एक मालगाड़ी के गुजरने के बाद दूसरी मालगाड़ी के आने में काफी समय रहता है। इससे क्षेत्रवासियों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने इस व्यवस्था में सुधार की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि खरसिया रेलवे स्टेशन पर निर्मित सीढ़ियों में चढ़ाव अधिक होने के कारण बुजुर्गों, दिव्यांगों, बीमार एवं अशक्त यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानी होती है। ऐसे में यात्रियों की सुविधा के लिए एस्केलेटर अथवा लिफ्ट का निर्माण कराने की मांग की गई। इसके अलावा स्टेशन के प्लेटफार्म का विस्तार किए जाने के बावजूद पर्याप्त शेड का निर्माण नहीं होने की समस्या भी उठाई गई। यात्रियों का कहना है कि वर्तमान में प्लेटफार्म पर पूर्व में निर्मित शेड ही है। नए शेड नहीं होने के कारण बारिश एवं गर्मी के मौसम में यात्रियों को परेशानी होती है। दक्षिण दिशा की ओर रेलवे की रिक्त भूमि पर प्लेटफार्म नंबर-1 का निर्माण करने की मांग भी की गई। प्लेटफार्म नंबर-2 पर बनी बंद टिकट खिड़की को तत्काल पुनः शुरू करने की मांग नागरिकों ने की। साथ ही खरसिया रेलवे स्टेशन पर पूरी-बिकानेर एक्सप्रेस, पुरी-जोधपुर एक्सप्रेस एवं आजाद हिंद एक्सप्रेस के अप-डाउन स्टॉपेज की मांग भी रखी गई।

गांधी-शास्त्री जयंती पर कालेज में कार्यक्रम

बिलाईगढ़। शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय, बिलाईगढ़ में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने साफ-सफाई करते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से गांधी के स्वदेशी एवं आत्मनिर्भरता के विचार से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य तक विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा युवा पीढ़ी एवं गांधी के आदर्शः चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, स्वच्छता एवं आत्मनिर्भरता के विचारों को प्रासंगिक बताया। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।





